दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षण-सत्र 2016-17 से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से अनुदानित दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र संचालित हो रहा है। आयोग ने राज्य और राष्ट्रिय स्तर के आर्थिक एवं अद्यौगिक विकास को ध्यान में रखते हुए छात्रों में कौशल उत्पाद की योग्यता बढ़ाने एवं शिक्षा को रोजगार परक बनाने के उद्देश्य से इस विश्वविद्यालय को ''ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड'' तथा ''वास्तुशास्त्र एवं आन्तरिक सज्जा'' इन दो विषयों में वी. वोक., एम. वोक. एवं पीएच.डी तक के कार्यक्रमों को चलाने की अनुमति प्रदान की है।

इन कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है। इनमें संस्कृतेतर छात्र भी प्रवेश ले सकते हैं। वी. वोक. कार्यक्रम तीन वर्ष तथा छः सेमेस्टर में पूर्ण होगें। इसी प्रकार एम. वोक. कार्यक्रम दो वर्ष तथा चार सेमेस्टर में पूर्ण होगा। इन उपाधियों को राष्ट्रिय स्तर पर स्नातक एवं परा स्नातक स्तर की विधिवत मान्यता प्राप्त है।

इन कार्यक्रमों की प्रमुख विशेषताएँ ये हैं कि छात्र अपनी सुविधानुसार कार्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं और छोड़ भी सकते हैं तथा पुनः प्रवेश ले सकते है। उदाहरणार्थ, यदि कोई छात्र त्रिवर्षीय वी. वोक डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश लेता है और किसी कारणवश कार्यक्रम के मध्य में छोड़ देता है तो कौशल केन्द्र उसे अधोलिखित रूप में उपाधि प्रदान करेगा-

1. प्रथम सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर	सर्टिफिकेट की उपाधि
2. द्वितीय सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर	डिप्लोमा की उपाधि
3. चतुर्थ सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर	एडवान्स डिप्लोमा की उपाधि
4. षष्ठ सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर	वी. वोक. डिग्री की उपाधि

इसी प्रकार यदि कोई छात्र एम. वोक. डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश लेकर द्वितीय सेमेस्टर के पश्चात् छोड़ता है तो कौशल केन्द्र उसे आनर्स एट अण्डर-ग्रेजुएट लेवल की उपाधि प्रदान करेगा और चतुर्थ सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर एम. वोक. डिग्री प्रदान करेगा।

इस प्रकार से छात्रों को प्रति वर्ष इस कार्यक्रम में कोई न कोई उपाधि दी जायेगी। वर्तमान में विश्वविद्यालय शिक्षण-सत्र 2016-17 से मात्र वी. वोक. की कक्षाओं में प्रवेश लेकर दोनों कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है जिसके दो सत्र व्यतीत हो चुके हैं।

इन कार्यक्रमों के वी.वोक. पाठ्यक्रमों के शिक्षण-सत्र 2018-19 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण दिनांक 01.06.2018 से प्रातः 08:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक कौशल केन्द्र के कार्यालय से किया जायेगा। विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए कौशल केन्द्र में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष सं. 9450012561,9473952095,8808377829 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

***

30.05.2018
(निदेशक)

Scanned by CamScanner